आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :371 पृष्ठ -4 दिनांक 14 जनवरी 2025 दिन मंगलवार

# महाकुंभ से पहले यूपी में बारिश, येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी

## बिगड़े मौसम ने पर्यटकों और श्रद्धालुओं की चिंता बढ़ा दी

उत्तरप्रदेश सर्द मौसम में कोहरा और गलन जहां एक ओर लोगों के लिए परेशान का सबब बन हुआ है. वही दूसरी ओर धूप गायब है और सूर्य बा. दलों में छिपा हुआ है. इसी सर्द मौसम में शुरू हो रहे महाकुंभ से पहले उत्तर प्रदेश के लगभग 35 जिलों में तकरीबन 7 घंटों तक बारिश दर्ज की गई है. दिल्ली में भी बारिश की शुरुआत हुई है. देर रात से शुरू हुई बारिश ने किसानों की जाना में जान डाल दी है. किसी के लिए नुकसान तो किसी के लिए फायदेमंद साबित हुई है. कुछ घंटों की बारिश उत्तर प्रदेश के अलग–अलग जिलों में हुई. राज्य में एक ओर किसान बारिश के बाद से खुश है क्योंकि बहुत सी फसलों के लिए बारिश अमृत साबित होगी. देर रात हुई बारिश ने खेतों को सराबोर कर दिया है और खेतों में इस समय उगाई जा रही फसलों के लिए ये बारिश फसल में खाद की तरह काम कर रही है. वहीं कानपुर देहात के कृषि अधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि ये बारिश सड़कों पर गरीबों के लिए सर्दी के साथ कई समस्याएं पैदा कर रही है. लेकिन इस बारिश से किसान खुश है क्योंकि बहुत से फसलें इस मौसम उगाई जाती है और उनमें पानी की जरूरत होती है. इस सीजन में गेहूं, आलू, जौ, चना, मटर और अरहर की फसल रहती है.अगर सब्जियों की बात करें तो मूली, बैगन, शलजम, मिर्च गाजर और टमाटर की भी पैदावार की जाती है, जिनमें पर्याप्त मात्रा में इन सभी सब्जियों और फसलों के लिए पानी की जरूरत होती है. लगभग 7 घंटों की बारिश से किसानों के चेहरे खिले हुए दिख रहे हैं. मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर सुनील पांडे चन्द्र शेखर आजाद ने कहा कि मौसम में अभी ठंडक महसूस होगी और कोहरा रहेगा. तापमान में गिरावट रहेगी लेकिन बारिश होने से दो चार दिन कोहरे के आसार कम हैं.बता दें कि प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से होने जा रहा है. इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है. लेकिन अब मौसम खराब होने की वजह से पर्यटकों और श्रद्धालुओं पर इसका सीधा असर दिख रहा है. आने वाले अगले कुछ दिनों तक उनके लिए मौसम काफी अहम रहेगा. अगले दो दिनों तक कई जगहों पर हल्की बारिश होने की संभावना है. वहीं दूसरी ओर राज्य में अगले सप्ताह घने कोहरे और शीतलहर को देखते हुए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है.

## DGP प्रशांत कुमार बोले- सब कुछ सुचारू, सभी इंतजाम किए, कोई ढिलाई नहीं दी गई



धर्म और आस्था की नगरी प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत सोमवार को पौष पूर्णिमा स्नान से हो गई. इस दिन संगम पर लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा, यमुन और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाई. मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया कि सुबह 7रू30 बजे तक 35 लाख से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं. वहीं इस दौरान यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत की. उत्तर प्रदेश के क्ळच प्रशांत कुमार ने कहा, ष्महाकुंभ 2025 का शुभारंभ आज सुबह के स्नान से हो गया है, करीब 60 लाख लोग इसमें डुबकी लगा चुके हैं. इस बार का कुंभ आस्था और आधुनि. कता का संगम है. हम लोगों ने पा. रंपरिक पुलिस व्यवस्था से हटकर तकनीक का अधिक से अधिक इस्तेमाल कर श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था दी है. आज पुष्प वर्षा भी होगी. सब कुछ सुचारू और निर्बाध रूप से चल रहा है हमने घाटों की लंबाई बढ़ा दी– क्ळच डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि इस बार कुंभ भव्य, दिव्य, डिजिटल और सुरक्षित हो, इसके लिए सभी इंतजाम किए जा रहे हैं. कोई ढिलाई नहीं दी गई है. श्रद्धालू यहां की सुविधाओं के बारे में बात कर रहे हैं. ओवर क्राउडिंगन ही हो रही है, हमने घाटों की लंबाई बढ़ा दी है. इस बार का कुंभ भव्य दिव्य और डिजिटल, सुरक्षित रहेगा.। भानु भास्कर ने कहा, ष्मेला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है. सुबह 3 बजे से सभी बल तैनात हैं. जहां स्नान हो रहा है वहां पर पूरे पुलिस बंदोबस्त हैं. सभी अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं. कहीं भी कोई समस्या नहीं है. जहां भी कोई छोटी घटना घट रही है, तत्काल पुलिस वहां पहुंचकर कार्रवाई कर रही है.ष्बता दें कि इस वर्ष की महाकुंभ की दिव्यता और भव्यता को लेकर श्रद्धालु भी खुश नजर आ रहे हैं. उनका कहना है कि इस बार जो व्यवस्थाएं की गईं, वे स्पष्ट रूप से नजर आ रही हैं. खाने, रहने और सुरक्षा की व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से की गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हो रही है.

### उत्तर प्रदेश सरकार ने 14 जनवरी को मकर संक्रांति को सरकारी अवकाश घोषित

उत्तर प्रदेश सरकार ने 14 जनवरी को मकर संक्रांति को सरकारी अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में रविवार को विशेष सचिव की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देश में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश शासन की ओर से मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर दिनांक 14 जनवरी 2025 (मंगलवार) को जो निर्बन्धित अवकाश घोषित था, उसे अब सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।निर्देश में आगे कहा गया है, सम्यक विचारोपरान्त मकर संक्रांति के पावन पर्व पर दिनांक 14 जनवरी, 2025 (मंगलवार) को घोषित निर्बन्धित अवकाश के स्थान पर निगोशिबुल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन एतदद्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। सामान्य प्रशासन अनुभाग उत्तर प्रदेश शासन की विज्ञप्ति दिनांक 17 दिसम्बर, 2024 को इस सीमा तक संशोधित समझा जाए।श्बता दें कि मकर संक्रांति को उत्तर प्रदेश में खिचड़ी के त्योहार के रूप में मनाया जाता है। 14 जनवरी को 6.58 बजे से मकर संक्रांति कापुण्यकाल शुरू होगा, जो 15 जनवरी को 6.58 बजे तक रहेगा। माना जाता है कि इस दौरान जो भी धार्मिक कार्य किए जाएंगे, उनका पुण्यफल प्राप्त होगा।

### पंजाबी समाज नें मनाई लोहड़ी

बदायूं। रविवार शाम एक होटल पर पंजाबी समाज की बेटियों से लोहड़ी जलवाई गई। उपस्थित सभी लोगों ने भांगड़ा किया।इस दौरान लोहड़ी का प्रसाद मूंगफली, रेबड़ी, मक्का के फूले बांटे गए। पंजाबी समाज सेवा समिति के सभी सदस्यों ने इसमें भाग लिया। इस दौरान सदस्यों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें परिवार की बच्चियों व बच्चों के द्वारा डांस व अन्य प्रस्तुतियां दी गईं।

## महाकुंभ 2025 का पहला दिन, मन मोह लेंगी ये तस्वीरें, ऑस्ट्रेलिया, रूस, जापान से आए श्रद्धालु, गंगा में लगाई डुबकी



पौष पूर्णिमा स्नान के साथ महाकुम्भ मेला सोमवार से प्रारंभ हो गया. मेला अधिकारी के मुताबिक, सुबह साढ़े नौ बजे तक 60 लाख से अधिक लोगों ने संगम और गंगा में आस्था की डुबकी लगाई.उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्त श्रद्धालुओं, संत महात्माओं, कल्पवासियों और आगंतुकों का स्वागत करते हुए महाकुम्भ के प्रथम स्नान की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने महाकुम्भ को भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक बताया. मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने बताया कि सोमवार को सुबह साढ़े नौ बजे तक 60 लाख से अधिक लोग गंगा और संगम में डुबकी लगा चुके हैं.पौष पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए तीर्थ पुरोहित राजेंद्र मिश्र ने बताया कि पौष माह के शुक्ल पक्ष के 15वें दिन पौष पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान से सभी तरह के पाप कट जाते हैं.उन्होंने कहा कि पौष पूर्णिमा के साथ एक महीने तक चलने वाला कल्पवास भी आज से प्रारंभ हो गया. इस दौरान लोग एक माह तक तीनों समय गंगा स्नान कर एक प्रकार का तप वाला जीवन व्यतीत करते हैं और भग. वान की भक्ति में लीन रहते हैं.इससे पूर्व शनिवार और रविवार को मिलाकर 85 लाख से अधिक लोगों ने गंगा स्नान किया.धर्म और आस्था की नगरी प्रयागराज में महाकुंभ के मौके पर भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है. विदेशी पर्यटक भी यहां पहुंचे हैं. कुछ ने आईएएनएस से बातचीत में खुद को भाग्यशाली बताया.पौलेंड से आईं श्रद्धालु क्लाउडिया ने कहा कि मुझे यहां आकर अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है. मैंने कभी भी ऐसा महसूस नहीं किया था. कभी नहीं सोचा था कि मुझे कभी जीवन में इस तरह का अनुभव मिलेगा.ऑस्ट्रेलिया से आई श्रद्धालु मंजरिका ने बताया कि मैं भारत में पिछले 40 दिनों से हूं. जब मैं भारत में आई थी, तो मैंने सोच लिया था कि मैं किसी भी कीमत पर महाकुंभ मेले में जरूर शिरकत करूंगी, क्योंकि यह अपने आप में अद्भुत अनुभव था. महाकुंभ मेले में जापान से आए श्रद्धालु मसाजी ने भी अपने अनुभव साझा किए. उन्होंने बताया कि मैं दूसरी बार महाकुंभ मेले में आया हूं और मुझे यहां आकर अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है, जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं.पौष पूर्णिमा के अवसर पर कल्पवासी संगम में स्नान कर कल्पवास के कठिन नियमों का महाकुंभ अवधि के दौरान पालन करते हुए पुण्य प्राप्ति, सद्गति, मोक्ष प्राप्ति और सकल विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं.संगम घाट पर देश–विदेश के श्रद्धालुओं का तांता देखने को मिला. साउथ कोरिया से आए यू–ट्यूबर दल महाकुंभ के विभिन्न शॉट्स को अपने कैमरे से कैप्चर करते दिखे तो जापान से आए पर्यटक महाकुंभ में अपार जनसैलाब को देखकर स्थानीय गाइड से जानकारी लेते दिखे. महाकुंभ मेला 2025 में इटली से आए एक श्रद्धालु ने कहा, श्यह बहुत शक्तिशाली है. इस समय मेरे मन में बहुत सारी भावनाएं, रंग और बहुत कुछ है. मैं पहली बार भारत आया हूं. जापान से आये श्रद्धालु ने कहा मैं जापान से हूँ, यह मेरी दूसरी बार यात्रा है.

## गरीबों महिला को इलाज के लिए पैसा देगी योगी सरकार,

कड़ाके की ठंड में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की. उनकी समस्याएं सुनीं. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े. जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो उनके अस्पताल की इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए. इस दौरान इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची एक महिला को सीएम योगी ने आत्मीय संबल देते हुए कहा, पीजीआई लखनऊ से इस्टीमेट मंगवा लीजिए, इलाज का पैसा सरकार देगी.गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दि. ग्विजयनाथ सभागार में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात की. एक–एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए. सभी लोगों को आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है. हर समस्या का समाधान कराया जाएगा इस दौरान सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए. इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए. मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए. हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण निष्पक्ष रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए. जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे. सीएम योगी ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी. विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी. सीएम ने इसके लिए पास में मौजूद अफसरों को जरूरी निर्देश दिए. जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया. साथ ही उन्हें चॉकलेट गिफ्ट किया.मंदिर की गोशाला में सीएम योगी ने की गोसेवा गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही. मुख्यमंत्री ने गोवंश को खूब दुलारने के बाद उन्हें गुड़ खिलाया और शीतलहर में गोशाला के कार्यकर्ताओं को देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए.

## प्रयागराज में ई–रिक्शा और टैक्सी .वाहन चालकों के लिए बड़ी खबर

उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का आगाज हो चुका है. 13 जनवरी को पहले स्नान के साथ ही महाकुंभ में लोगों के आने का क्रम भी जारी है. इस बीच महाकुंभ में दूर दराज से आने वालों के लिए संभागीय परिवहन विभाग ने बड़ा फैसला लिया है. संभागीय परिवहन विभाग ने उन वाहन चालकों को कड़ा संदेश देने की कोशिश की है जो लोग यात्रियों और श्रद्धालुओं से ज्यादा किराया लेने की कोशिश करेंगे. संभागीय परिवहन विभाग ने इसके लिए बुकिंग की दरें भी जारी कर दी हैं. नई रेट लिस्ट के अनुसार डीजल टेंपो वाहन 11.59 रुपये प्रति किलोमीटर, सीएनजी टेंपी 10.58 रुपये प्रति किलोमीटर और पेट्रोल टेंपो 10.20 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से किराया ले सकेंगे. संभागीय परिवहन विभाग के अनुसार डीजल ऑटो 10.44 रुपये, सीएन जी ऑटो 10.24 रुपये और पेट्रोल ऑटो 9.97 रुपये प्रति किलोमीटर किराया ले सकेंगे.वहीं सामान्य टैक्सी में डीजल 15.20 रुपये, सीएनजी 14.67 रुपये और 13.95 रुपये प्रति किलोमीटर किराया ले सकते हैं. इसके अलावा छह यात्रियों वाली टैक्सी में डीजल 9.26 रुपये, सीएनजी 18.70 रुपये, और पेट्रोल 18 रुपये प्रति किलोमीटर किराया लेंगे.मैक्सी कैब के लिए डीजल 18.30 रुपये, सीएनजी 17. 30 रुपये और पेट्रोल 15.95 रुपये प्रति किलोमीटर किराया ले पाएंगे. वहीं ई रिक्शा के लिए 8.30 रुपये प्रति किलोमीटर किराया तय किया गया है. राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि ज्यादा किराया लेने वालों का वाहन सीज कर लिया जाएगा.बता दें 13 जनवरी 2025 को महाकुंभ का पहला स्नान हुआ. इस संबंध में डीएम प्रयागराज ने जानकारी दी. उन्होंने कहा कि आस्था के इस महाकुंभ में श्रद्धा भी है, विश्वास भी है, मन में मां गंगा, मां यमुना और माता सरस्वती के पावन संगम में डुबकी लगाकर जन्म जन्मांतर के बंधन से मुक्ति की कामना भी है. श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है. संगमनगरी प्रयागराज में महाकुंभनगर की ओर आने वाली हर सड़क, हर गली पर सिर्फ और सिर्फ आस्थावान श्रद्धालुओं का शुभागमन हो रहा है. लोग आते जा रहे हैं, पवित्र स्नान करते जा रहे है.

## प्रयागराज DM बोले- अभी तक 70 लाख से ज्यादा श्रद्धालु आए, आंकड़ा 1 करोड़ से ऊपर पहुंचेगा

पौष पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रयागराज में महाकुंभ की शुरूआत हो गई है. शाही स्नान पर यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है, बीते दो दिनों से भक्त यहां जुटे हैं.प्रयागराज के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने महाकुंभ 2025 की तैयारियों पर कहा, ष्हमने 2 घंटे पहले आंकड़े लिए थे जहां 70 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया था. ये आंकड़ा 1 करोड़ से ऊपर पहुंचेगा. श्रद्धालुओं का आगमन लगातार जारी है. हमारे 9 रेलवे स्टेशन से लगातार ट्रेनों की आवाजाही हो रही है. महाकुंभ में स्नान करने के लिए विदेशी श्रद्धालु भी भारी संख्या में आ रहे हैं.ष्पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, श्आज का दिन बहुत ही खास है, आज देश के हर कोने में उत्सव का महौल है. आज से ही प्रयागराज में महाकुंभ का आरंभ हो रहा है. करोड़ों लोग वहां स्नान के लिए उमड़ रहे हैं. आज पंजाब समेत पूरा उत्तर भारत लोहड़ी मना रहा है. मैं सभी लोगों के मंगल की कामना करता हूं. साल का समय चिल्लई कलां का होता है, 40 दिनों तक आप इसका डटकर सामना करते हैं. देशभर से सैलानी सोनमर्ग पहुंच हैं. सैलानी आपकी मेहमानवाजी का आनंद ले रहे हैं.श्उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, ष्आस्था और श्रद्धा का महाकुंभ प्रारंभ हो गया है. मैं सभी श्रद्धालुओं, संतों और धर्म प्रेमी भक्तों को बहुत शुभकामनाएं देता हूं. सभी महाकुंभ में पवित्र स्नान में भाग लीजिए और पुण्य के भागी बनिए. मैं सूर्यदेव के उत्तरायण होने पर मकर सक्रांति, लोहड़ी. सभी की शुभकामनाएं देता हूं. सभी के घरों में मगल हो.

# हाईटेंशन लाइन में दौड़ा करंट, आठ कर्मचारी बुरी तरह झुलसे

कासगंज में बिजली विभाग की लाप. रवाही से एक बड़ा हादसा होते–होते बचा। सदर कोतवाली क्षेत्र के टीकमपुरा गांव में हाईटेंशन लाइन शिफ्टिंग के बिना सूचना के लाइन में करंट आ जाने से 7–8 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए।लोगो के अनुसार अलीगढ़ की जितेंद्र मेसर्स कंपनी के ठेकेदार द्वारा मजदूरों को बिना सेफ्टी किट के काम कर रहा था। काम के दौरान किसी ने बिना सूचना के शट डाउन खोल दिया, जिसकी बजह से लाइन में अचानक करंट आ गया और लाइन पर काम कर रहे मजदूर झुलस गए।अशोक नगर में सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज हो रहा है। एक मजदूर की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे अन्य अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घायल मजदूरों में रामगोपाल (22), तुलसी (45), रोहित (24), दीपक (28), रोहित (22), जोगिंदर (35), महेश (25) और ललित कुमार (22) शामिल हैं। ये सभी मजदूर कासगंज, सोरों और हा. थरस के विभिन्न गांवों के रहने वाले हैं।बिजली विभाग और ठेकेदार ओर कंपनी की इस बड़ी लापरवाही से बड़ा हादसा होते–होते बचा। मामले में जांच चल रही है जिले में बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण हादसा हो गया. जब मजदूर हाईटेंशन लाइन शिफ्टिंग का कार्य कर रहे थे, तभी विद्युत उपकेंद्र से बिना सूचना के शटडाउन खोल दिया गया, जिससे हा. ईटेंशन लाइन पर काम कर रहे 7 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए. सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है. मामला रविवार देर शाम जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र के सैलई रोड स्थित ग्राम टीकमपुरा का है, जहां विद्युत विभाग के द्वारा हाईटेंशन लाइन शिफ्टिंग का कार्य कराया जा रहा था. हाईटेंशन लाइन को शिफ्ट करने के लिए ठेकेदारी पर मजदूर लाइन पर चढ़कर काम कर रहे थे. लाइन पर कार्य शुरू होने से पहले ठेकेदार ने विद्युत विभाग से पूरी प्रक्रिया के तहत शटडाउन लिया था, लेकिन अचानक बिना सूचना के विद्युत केंद्र में किसी ने शटडाउन खोल दिया. इसके चलते हाईटेंशन लाइन पर काम कर रहे 7 मजदूर झुलस गए. मजदूरों के झुलसने की सूचना पर तत्काल अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती उप जिलाधिकारी कासगंज सदर संजीव कुमार पुलिस और प्रशासन की टीम को लेकर घटना स्थल पर पहुंचे. झुलसे हुए मजदूरों को अशो. कनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया. स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर यश ने बताया कि हादसे में एक मजदूर की हालत गंभीर थी और उसे उच्च चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है. वहीं इस पूरे मामले पर विद्युत विभाग के अधिकारी कैमरे पर कुछ भी बोलने से बचते हुए नजर आए.

## कासगंज पुलिस और सर्विलांस टीम ने .एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए खोए हुए 51 मोबाइल फोन बरामद

कासगंज पुलिस और सर्विलांस टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए खोए हुए 51 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन फोनों की कुल कीमत लगभग 11 लाख रुपये है। सोमवार को एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी अंकित शर्मा ने इस बारे में विस्तृत जानकारी दी।पुलिस टीम ने इन मोबाइल को उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली सहित कई राज्यों से बरामद किया है। यह अभियान एसपी के विशेष निर्देश पर चलाया गया था। सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस ने इन सभी को ट्रैक कर उनकी बरामदगी की।कार्यक्रम में एसपी अंकित शर्मा ने स्वयं अपने हाथों से सभी मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। फोन वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ देखी जा सकती थी। फोन प्राप्त करने वाले लोगों ने कासगंज पुलिस के इस सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद दिया। यह कार्रवाई पुलिस की कार्यकुशलता और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## आज से कुंभ सेवा शुरू, जिले के श्रद्धालु भी लगाएंगे प्रयाग में डुबकी

कासगंज। जिले के श्रद्धालु भी अब रोडवेज बस की यात्रा करके प्रयागराज कुंभ में डुबकी लगाने जा सकेंगे। इसके लिए सोमवार को बस स्टैंड से पहली बस रवाना की जाएगी। यह बस श्रद्धालुओं को लेकर 11 बजे प्रयागराज कुंभ मेले के लिए रवाना होगी।परिवहन निगम मुख्यालय ने महाकुंभ मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कासगंज जिले से प्रयागराज तक लिए एक बस का संचालन सोमवार से शुरू होगा। यह बस सुबह 11 बजे रोडवेज बस स्टैंड से श्रद्धालुओं को लेकर प्रयागराज के लिए रवाना होगी। श्रद्धालुओं को प्रयाराज तक की यात्रा के लिए 681 रुपये किराया देना होगा। यह कासगंज से चलकर एटा, बेवर, कानपुर होते हुए प्रयागराज नेहरू पार्क पहुंचेगी। वापसी में यही बस सुबह 11 बजे नेहरू पार्क से श्रद्धालुओं को मिलेगी।

## अमांपुर : कॉलेज जा रही छात्रा का कार .सवार युवकों ने अपहरण कर लिया

अमांपुर। कॉलेज जा रही छात्रा का कार सवार युवकों ने अपहरण कर लिया। जानकारी होने पर परिजन के घेराव करने पर युवक छात्रा को कार से उतार कर भाग गए। छात्रा के बाबा ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।शनिवार की सुबह अमांपुर कस्बा के एक मोहल्ले की छात्रा पढ़ने के लिए कॉलेज जा रही थी। तभी रास्ते में दो युवकों ने अचानक कार उसके सामने लगा दी और छात्रा को धमका कर जबरन उसे कार में बैठा लिया। इसकी जानकारी छात्रा के परिजन को हुई तो उन्होंने बाइक आदि से कार का पीछा किया। आरोपी अपने आपको घिरा देखते हुए छात्रा को कार में उतार कर फरार हो गए। इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने कार की चेकिंग की, लेकिन कार हाथ नहीं लगी। मामले में छात्रा के बाबा ने पुलिस को घटना की तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी विपिन यादव एवं अनुराग निवासीगण देवरी थाना अमांपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी निरीक्षक चंचल सिरोही ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कड़ाके की ठंड , चाय का फंड,ठंड की ठिठुरन ,चाय का वितरण ठंड में ठिठुरते लोगों को चाय वितरण कर किया सराहनीय कार्य



कासगंज शहर के गांधी मूर्ति चौराहे पर इस कड़ाके की ठंड में ठिठुरते लोगों को चाय का बितरण किया गया।आज के समय मे कुछ लोग ऐसे भी है ,जो असहाय व्यक्तियों को सहारा देने में कसर नहीं छोड़ते परेशान व असहाय लोगों की हर सम्भव मदद में जुटे रहते हैं।, ये सराहनीय कार्य उस समय किया गया जब इस भीषण ठंड में लोग ठिठुर रहे थे उन लोगो को चाय पिलाई चाय पीकर लोगों के चेहरे पर खुशी झलक उठी। और उस ठंड में परेशान लोगों के वक्त को खुशी में तब्दील कर दिया।अगर इसी प्रकार से हर व्यक्ति के अंदर भावनायें हो जाये तो शायद कोई गरीब खुद को असहाय नही समझेगा, हर इंसान की खुशी के साथ जीवन जीने की इच्छाऐं होती हैं लेकिन कुछ परिस्थियों की बजाय से वो अपनी इच्छा भरी जिंदगी नहीं जी सकते, ऐसे असहाय लोगों के लिए कुछ भले लोग आज भी मौजूद हैं। यह चाय का वितरण सुमित ठाकुर समाजसेवी ने अपनी टीम के साथ किया।

## मकर संक्रांति और सहालग के कारण बाजारों में बढ़ी रौनक

एटा। मकर संक्रांति पर्व मंगलवार को मनाया जाएगा। मंदिरों में कार्यक्रम के साथ लोग दान–पुण्य भी करेंगे। इसके दो दिन बाद शादी सहालग भी शुरू हो जाएंगे। बाजारों में रौनक बढ़ गई है। लोग मूंगफली, गजक की खरीदारी कर रह हैं। वहीं शादी वाले घरों में कपड़े, गहनों आदि की भी खरीदारी चल रही है।मकर संक्रांति पर दान–पुण्य के सामान पर महंगाई नजर आ रही है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार गजक, रेवड़ी आदि महंगी है। अलग–अलग किस्म की गजक 240 रुपये से लेकर 300 रुपये प्रति किलो तक बिक रही है। विक्रेता राजू और राकेश ने बताया कि इस बार तिल के दाम अधिक होने की वजह से गजक महंगी है। 20 से 40 रुपये प्रति किलो तक का इजाफा अलग–अलग गजक पर हुआ है। कुटी हुई गजक की सबसे ज्यादा मांग है।मंगलवार के बाद से ही शादियों की शुरुआत हो जाएगी। वैवाहिक मुहूर्त प्रा. रंभ होते ही विवाह आयोजन और खरीदारी का दौर भी तेज हो जाएगा। शादी का सीजन न केवल परिवारों के लिए खास होता है, बल्कि कारोबारियों के लिए भी यह समय फायदे का सौदा साबित होता है। पंडित हृदेश ने बताया कि 14 जनवरी को सूर्योदय के साथ ही मकर संक्रांति शुरू हो जाएगी। इस दौरान तिल, चावल व वस्त्र का दान–पुण्य कर सकते हैं। जबकि 16 जनवरी से वैवाहिक मुहूर्त भी शुरू हो जाएंगे।व्यापारी इन दिनों अपने स्टॉक को अपडेट करने में लगे हैं। सराफा, बर्तन, कपड़े और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुक. ानों पर खासतौर पर ग्राहकों की संख्या में इजाफा होने की संभावना है। बर्तन बाजार में स्टील और रसोई संबंधी उत्पादों का स्टॉक बढ़ा दिया गया है। विवाह के अवसर पर मेहमानों को भेंट देने के लिए ऐसे उपयोगी उपहारों की मांग अधिक है।

## एटा में संयुक्त किसान मोर्चा के किसानों ने राष्ट्रपति के नाम एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा

एटा में संयुक्त किसान मोर्चा के किसानों ने राष्ट्रपति के नाम एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा है। किसानों ने तीन प्रमुख मांगों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की है। मोर्चा के जिला संयोजक राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में किसानों ने एटा के तहसीलदार संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा।किसानों की प्रमुख मांगों में नई कृषि विपणन नीति को वापस लेना शामिल है। जिसे वे किसानों के हितों के विपरीत मानते हैं। साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (डेच) को लागू करने और किसानों पर दर्ज किए गए। कथित फर्जी मुकदमों को वापस लेने की मांग की गई है।ज्ञापन सौंपने से पहले किसान एटा स्थित धरना स्थल पर एकत्रित हुए और नारेबाजी भी की। इस अवसर पर संयुक्त किसान मा. `र्चा के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे जिनमें जिला संयोजक राजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष नाहर सिंह, जिला सचिव मुन्नालाल, जिला अध्यक्ष राजा राम यादव और जिला महासचिव सहदेव सिंह शामिल थे।

## एटा जिले के रिजोर थाना क्षेत्र के हैदरपुर गांव में 60 वर्षीय दिव्यांग बुजुर्ग उदयवीर और उनकी पत्नी ने अपने ही बेटे के खिलाफ



एटा जिले के रिजोर थाना क्षेत्र के हैदरपुर गांव में 60 वर्षीय दिव्यांग बुजुर्ग उदयवीर और उनकी पत्नी ने अपने ही बेटे के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्याम नारायण सिंह के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है।दोनों पैरों से दिव्यांग उदयवीर, जो बैसाखी के सहारे चलते हैं, बताया कि उनका बेटा लगातार उन्हें और उनकी पत्नी के साथ मारपीट करता है। बुजुर्ग दंपति का आरोप है कि बेटा न केवल उन्हें खाना देने से मना करता है, बल्कि कल बारिश के दौरान उन्हें घर से भी बाहर निकाल दिया। पहले भी जब उन्होंने स्थानीय पुलिस चौकी में शिकायत की थी, तो बेटे ने उनका उत्पीड़न और बढ़ा दिया।बुजुर्ग दंपति ने अपनी जान को खतरा बताते हुए कलयुगी बेटे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं और बुजुर्ग दंपति को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। यह मामला वृद्धों के प्रति बढ़ती संवेदनहीनता और पा. रिवारिक मूल्यों के क्षरण को दर्शाता है।

## एटा नगर पालिका प्रशासन ने रविवार को प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया




एटा नगर पालिका प्रशासन ने रविवार को प्रति. बंधित पॉलीथिन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। ईओ वेद प्रिय आर्य के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आगरा रोड और नम्नूमल चौराहे पर स्थित तीन दुकानों से करीब एक क्विंटल पॉलीथिन और उससे बने उत्पाद जब्त किए गए।नोटिस जारी कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी टीम ने बली मोहम्मद चौराहे स्थित गणपति ट्रेडर्स, आगरा रोड स्थित नितिन वारदाना और सोनपाल दोनापत्तल भंडार पर छापेमारी की। नितिन वारदाना से 25 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। जबकि अन्य दो दुकानदार मौके से फरार हो गए। फरार दुकानदारों के खिलाफ नोटिस जारी कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।अपर उप जिलाधिकारी एवं पालिका के ईओ वेदप्रिय आर्य ने बताया कि एकल उपयोग प्लास्टिक के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई में कर निर्धारण अधिकारी विशाल वर्मा, अतिक्रमण प्रभारी बालकपूर और सहायक अतिक्रमण प्रभारी यशवीर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# डीआईजी बोल रहा हूं...कोतवाल को ही हड़का डाला

# पुलिस गिरफ्त में आया हिस्ट्रीशीटर साथी भी गिरफ्तार

अलीगढ़ डीआईजी के नाम से मैनपुरी की कोतवाली में तैनात इंस्पेक्टर को धमकाया गया। इस मामले में जांच में जुटी साइबर थाना पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर और उसके एक साथी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। मैनपुरी की कोतवाली में तैनात इंस्पेक्टर फतेह बहादुर सिंह को अलीगढ़ डीआईजी के नाम से धमकाने के आरोपी हिस्ट्रीशीटर और साथी को अलीगढ़ साइबर थाना रेंज ने गिरफ्तार कर लिया गया। हिस्ट्रीशीटर ट्रेनों में मोबाइल चोरी का पेशेवर अपराधी है और इटावा जीआरपी में उसकी हिस्ट्रीशीट खुली है। रविवार को दोनों को जेल भेज दिया गया।अलीगढ़ डीआईजी कार्यालय के पीआरओ निरीक्षक सर्वेश कुमार द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसी मुकदमे के आधार पर अलीगढ़ साइबर थाना रेंज टीम ने जांच शुरू की और जांच करते हुए इटावा जीआरपी के हिस्ट्रीशीटर मैनपुरी के बरनाहल थाना क्षेत्र के गांव नवाटेढ़ा निवासी सोनू उर्फ यादराम शाक्य व साथी गोलाबाजार कांशीराम कॉलोनी निवासी सिमरान को शनिवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए सोनू पर जीआरपी आगरा, इटावा, फिरोजाबाद, बरेली में मोबाइल चोरी और अन्य 10 मुकदमे दर्ज हैं। उस पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जा चुकी है। पूछताछ में पता लगा कि उसके दूसरे साथी पर फिरोजाबाद आदि में जिलों में दुष्कर्म सहित 4 मुकदमे दर्ज हैं। जेल में दोनों की दोस्ती हुई थी। गिरफ्तारी के समय दोनों से चोरी के मोबाइल, नकदी बरामद हुई है।डीआईजी बनकर मैनपुरी शहर कोतवाली के प्रभारी को फोन किया था। जांच में सामने आया कि इटावा जीआरपी के हिस्ट्रीशीटर सोनू ने पिछले दिनों मैनपुरी के शहर कोतवाल को डीआईजी अलीगढ़ रैंज प्रभाकर चौधरी के फोटो की डीपी व्हाट्सएप पर लगाकर फोन किया था। उन्हें एक लड़की भागने के मामले में कार्रवाई के लिए फोन किया था। जब कई बार फोन कर दबाव बनाया और धमकाया तो कोतवाल ने डीआईजी अलीगढ़ के पीआरओ सर्वेश कुमार को जानकारी दी। मामले में अधिकारियों के आदेश के बाद मुकदमा दर्ज कराया गया।इसके अलावा इसी बीच हैदराबाद के एक इंजीनियर को भी इन्होंने किसी अधिकारी के फोटो की डीपी लगाकर ब्लैकमेल करने के लिए फोन किया था। यह चोरी के मोबाइल का फोन करने में प्रयोग कर रहे थे। साइबर थाना टीम ने जब जांच शुरू की तो जिन नंबरों से इन्होंने बात की, उन नंबरों की आईडी अलग–अलग क्षेत्रों की निकली। मगर, जब नंबरों की लोकेशन और कॉलिंग पर काम शुरू किया तो दोनों ही अलग–अलग गर्लफ्रेंडों से उन्हीं चोरी के नंबरों से बात कर रहे थे। लोकेशन स्थिर थी, इसी के जरिए आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली। शहर कोतवाल फतेह बहादुर सिंह ने बताया कि एक लड़की भगाने के प्रकरण में संदिग्ध फोन दबाव बनाने के लिए आया था। इस संबंध में अलीगढ़ डीआईजी के अधीनस्थों को अवगत कराया गया था। अग्रिम कार्रवाई उन्हीं के स्तर से हुई है।

## टप्पल में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों .पर SDM की बड़ी कार्यवाही



टप्पल थाना क्षेत्र व यमुना एक्सप्रेस वे के नीचे सर्विस रोड के निकट एक्सप्रेस वे के नाम से कॉलोनी एवं सिमरौठी चौकी के निकट अवैध निर्माणाधीन कॉलोनीयों पर प्रशासन ने शिकंजा कसा है । टप्पल क्षेत्र में विकसित हो रही अवैधकॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन एक बार फिर से सक्रिय हो गया है । जिलाधिकारी के निर्देश खैर एसडीएम महिमा सिंह ने टप्पल थाना पुलिस बल के साथ अवैध कॉलोनियों पर की बड़ी कार्यवाही । कार्यवाही के दौरान कॉलोनाइजरों में भगदड़ मच गई । यमुना एक्सप्रेसवे के सहारे ग्राम पंचायत की बेशकीमती जमीनों पर अलीगढ़, दिल्ली और नोएडा से जुड़े कुछ भू–माफिया लोगों को फर्जी नक्शा दिखाकर जमीनों को बेचकर लाखों रुपये का चूना लगा रहे हैं । कार्यवाही के बाद से यीडा में शामिल दो सौ से अधिक अवैध कॉलोनियों पर चलेगा बुलडोजर ।प्राप्त जानकारी के अनुसार यमुना एक्सप्रेस वे के निकट अवैध कॉलोनियों को नियम विरुद्ध बताकर मासूम लोगों को विभिन्न योजनाओं के बारे में बताकर उसे बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं । पूर्व में टप्पल क्षेत्र में अनेको लोगों द्वारा ऐसे अवैध रूप से कॉलोनी काट रहे लोगों के खिलाफ शिकायती पत्र दिए जा चुके हैं लेकिन अब प्रशासन की ओर से कार्यवाही शुरू होने से लोगों ने चौन की सांस ली ।खैर एसडीएम महिमा सिंह द्वारा देर शाम की गईं कार्यवाही के बाद मौके से करीब एक दर्जन लेपटॉप, उनके बैग, कॉलोनियो के नक्शे इत्यादि पुलिस ने मौके से पकड़े ।पूछताछ के लिए मौके से तीन–चार लोगों को हिरासत में लिया । खैर एसडीएम महिमा सिंह के द्वारा कार्यवाही के बाद क्षेत्रीय कानूनगो, नायब तहसीलदार सहित अन्य आलाधिकारी मौके पर पहुंचे व लोगो के साथ की गई ठगी के सम्बन्ध में जानकारी जुटाने में लगे हुए हैं ।

## डीडीओ 15 जनवरी को महाकुंभ–2025 के प्रचार–प्रसार के लिए साईकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर करेंगे रवाना

अलीगढ़ जिला विकास अधिकारी आलोक आर्या द्वारा महाकुंभ–2025 के प्रचार–प्रसार के लिए युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग एवं खेल विभाग के तत्वाधान में 15 जनवरी को आयोजित साईकिल रैली को प्रातः 07 बजे महारानी अहिल्याबाई होल्कर र्स्पोट्स स्टेडियम से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा।जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी एम0पी0 कुशवाहा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि युवक मंगल दलों, खिलाड़ियों एवं पीआरडी जवानों द्वारा महारानी अहिल्याबाई होल्कर र्स्पोट्स स्टेडियम से अचलताल स्थित मेयर आवास तक साईकिल रैली का आयोजन किया जाएगा।

## कमिश्नर की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं राजस्व संग्रह की मण्डलीय बैठक 28 जनवरी को

अलीगढ़ मण्डलायुक्त चौत्रा वी. की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में 28 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से विकास कार्यों, कर–करेत्तर एवं राजस्व संग्रह मण्डलीय बैठक आहुत की जाएगी।अपर आयुक्त ने उक्त जानकारी देते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह गत बैठक की अनुपालन आख्या एवं अद्यतन प्रगति रिपोर्ट सहित बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## वृहद रोजगार मेला टाटा स्ट्राईव स्किल डवलपमेंट सेंटर में 17 जनवरी को

अलीगढ़ क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेन्टर एवं टाटा स्ट्राईव स्किल डवलपमेंट सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 17 जनवरी को प्रातः 10 बजे से वृहद रोजगार मेला का आयोजन जीटी रोड स्थित टाटा स्ट्राईव स्किल डवलपमेंट सेंटर भांकरी में आयोजित किया जा रहा है। मेले में 08 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर लगभग 600 रिक्त पदों पर चयन किया जायेगा।क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकरी डा0 पी0पी0सी0 शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में फायर सेफ्टी अकेडमी अलीगढ़, ईएफएसएम प्रा0लि0 सुड़ियाल, जीलौग लौजिस्टिक सौल्यूंसस प्रा0 लि0 नोयडा, विजन इण्डिया सर्विस नोयडा, टाटा स्ट्राईव स्किल डवलपमेंट सेंटर अलीगढ़ एवं अन्य के द्वारा मार्केटिग, अकाउण्टेन्ट, प्रोडक्शन एसोसिएट, कम्प्यूटर आ. परेटर, सेल्स, वेलनेस एडवाईजर, सुपरवाईजर, स्टोर इंचार्ज, पैकिंग इंचार्ज, टेलीक. ालर के पदों पर हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटैक, बीबीए, बीसीए, एमबीए उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।उन्होंने बताया कि इच्छुक पंजीकृत अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल तवरहंतेंदहंउ.नच.हवअ.पद एवं ू.दबे.हवअ.पद पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि उक्त पोर्टल पर रजिस्टर्ड अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर पायेंगे। रोजगार मेले में सभी आवेदित अभ्यर्थी अपने साथ पंजीयन कार्ड (एक्स–10), समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की फोटो एवं मूल प्रति, फोटो आई0डी0, 02 फोटो एवं रिज्यूमे लेकर अवश्य आयें। रिक्तियों का विस्तृत विवरण सेवायोजन पोर्टल पर देखें किसी भी असुविधा के लिये सेवायोजन कार्यालय से एवं दूरभाष नंबर 0571–2403304 एवं 9639188583 पर सम्पर्क करें।

## हवन मण्डल सेवा समिति का हवन वार्षिकोत्सव का आयोजन

अलीगढ महानगर में हवन मण्डल सेवा समिति द्वारा आयोजित हवन वार्षिकोत्सव का आयोजन श्री मिथिलेश्वर महादेव धर्मशाला, गली न. ३.रावनटीला हरिगढ़ यज्ञ सम्पन्न हुआ। हवन का उद्देश्य सनातन धर्म का उत्थान तथा समाज को समरसता के एक सूत्र में बाँधना, जन कल्याण एवं विश्व कल्याण हेतु वातावरण के शुद्ध करना है। इसी ध्येय के साथ इस कार्यक्रम को पं० नरेश आचार्य, पं. मुकी आचार्य, पी सुधान्यु पाराशर, पं. गिरीशशमी, पं. राजेन्द्र शमी, धर्मेन्द्र नीरज, योगेश, अमित, हर्ष, आर्यन आदि आर्चायों ने रस को वैदिक रीति से पूर्ण कराया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षत श्री राजा बाबू शर्मा ने की एवं संचालन विजयवत्स ने किया । इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जोधपुर (राजा) से पधारे अनिल कुमार शर्मा उपस्थित रहे। विशेष सहयोगी जनों मैं डा० बोरेन्द्र शर्मा, सत्यदेव शमी, रामगोपाल शर्मा, मुन्ना लालफी महेशचन्द्र शर्मा, एवं हेमन्त शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## छात्रा बनकर साथी प्रोफेसर की करते थे शिकायत, AMU प्रशासन ने सस्पेंड किया

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने झूठी शिकायतें करने वाले प्रोफेसर रियाजुद्दीन को निलंबित कर दिया है. केमिस्ट्री विभाग के आरोपी प्रोफेसर छात्रा बनकर अपने साथियों की झूठी शिकायतें करते थे. जिसके बाद पीड़ित प्रोफेसर ने खुद ही उनके खिलाफ साक्ष्य जुटाए थे और इसकी जानकारी इंतजामिया और पुलिस को दी थी.अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय केमिस्ट्री विभाग के आरोपी प्रोफेसर रियाजुद्दीन ने छात्रा के नाम पर अपने ही विभाग के एसो. प्रोफेसर की झूठी शिकायतें की थीं. यह मामला खुला तो पुलिस ने भी आरोपी शिक्षक से पूछताछ की थी. पुलिस की रिपोर्ट मिलने के बाद एएमयू रजिस्ट्रार ने आरोपी प्रोफेसर को नोटिस देकर जवाब मांगा था. जवाब नहीं देने पर रजिस्ट्रार ने प्रोफेसर रियाजुद्दीन को सस्पेंड कर दिया है.के. मिस्ट्री विभाग के प्रोफेसर रियाजुद्दीन पर आरोप है कि उन्होंने अपने डिपार्टमेंट की झूठी शिकायतें कीं. उनके विभाग के एसो. प्रोफेसर डॉ. इशात मोहम्मद खान ने यह गंभीर आरोप लगाए हैं. बताया था कि छात्रा के नाम पर उनकी झूठी शिकायतें आरोपी प्रो. रियाजुद्दीन डाक विभाग से रजिस्ट्री और स्पीड पोस्ट के जरिए पुलिस और एएमयू अधिकारियों को करते थे.डॉ. इशात मोहम्मद खान ने बीते 16 नवंबर को प्रोफेसर रियाजुद्दीन की शिकायत की थी. जिसमें उन्होंने बताया कि रियाजुद्दीन लगातार उनकी झूठी शिकायतें कर रहे हैं और अधिकारियों को गमराह भी कर रहे हैं. उन्होंने 20 सितंबर 2024 को भी छात्रा के नाम से झूठी शिकायत की. एसो. प्रोफेसर ने डाक विभाग की सीसीटीवी फुटेज भी एएमयू के अधिकारियों और पुलिस को सौंपी है. जिसके बाद आरोपी प्रोफेसर को नोटिस जारी किया गया. इसके बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने प्रो. रियाजुद्दीन को निलंबित कर दिया है. इसमें कहा गया है कि प्रोफेसर रियाजुद्दीन के खिलाफ 16 नवंबर 2024 को डॉ. इशात मोहम्मद खान, एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग से एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि प्रो. रियाजुद्दीन ने उनकी शैक्षणिक गतिविधियों को नुकसान पहुंचाने और उनकी छवि खराब करने के इरादे से कुलपति, आंतरिक शिकायत समिति के पीठासीन अधिकारी और अन्य सहित विभिन्न व्यक्तियों को पंजीकृत डाक के माध्यम से फर्जी नाम से पत्र की 22 प्रतियां भेजी थीं. प्रो. रियाजुद्दीन से स्पष्टीकरण मांगा गया था, जो 20 दि. संबर 2024 को प्राप्त हुआ. इसे कुलपति के समक्ष रखा गया. स्पष्टीकरण को असंतोषजनक पाया गया. प्रथम दृष्टया यह प्रो. रियाजुद्दीन की ओर से कदाचार का मामला प्रतीत होता है. अब इसलिए कुलपति, विश्वविद्यालय के कानून के कानून40(3)(सी) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रो. रियाजुद्दीन को विभागीय जांच लंबित रहने तक तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हैं. यह भी आदेश दिया जाता है कि कुलपति की अनुमति बगैर वे अलीगढ़ नहीं छोड़ेंगे.

## समाज पार्टी (भीम आर्मी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद . और उनकी मां पर अशोभनीय टिप्पणी करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अलीगढ़ के छर्रा थाना क्षेत्र में आजाद समाज पार्टी (भीम आर्मी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद और उनकी मां पर अशोभनीय टिप्पणी करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। छर्रा के रहने वाले आरोपी ने अशोभनीय टिप्पणी की थी।आरोपी की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थी। जिसके बाद अलीगढ़ के सचिन माइकल डेन ने छर्रा थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो का संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।छर्रा का ही रहने वाला है आरोपीआजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने बीते दिनों कुंभ मेले को लेकर एक बयान दिया था। उनका यह बयान सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा था। इसी बयान के बाद अलीगढ़ के छर्रा में रहने वाले वीरेंद्र सिंह लोधी ने सांसद चंद्रशेखर का विरोध करते हुए अशोभनीय टिप्पणी की थी।आरोपी के खिलाफ गांधीपार्क थाना क्षेत्र के नगला मानसिंह निवासी सचिन माइकल डे ने मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि आरोपी छर्रा के सुनपहर निवासी वीरेंद्र लोधी पुत्र श्याम लाल ने सांसद चंद्रशेखर और उनकीमां के लिए अशोभनीय शब्द बोले हैं। जिसने दलित समाज की भावनाओं को आहत किया है। दलित समाज के लोग आंदोलन कर सकते हैं। जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।जांच में जुटी पुलिस, होगी कार्रवाईसीओ छर्रा महेश कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर आरोपी ने सांसद चंद्रशेखर और उनकी मां के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की थी। इस मामले का संज्ञान लेते हुए प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और आरोपी से भी पूछताछ करते हुए कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पीड़ित ध्यान दें
यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोष
और उत्पीड़न का शिकार हैं
यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रह
है।
यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की को
जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध है
रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पू
विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानका
दें या मिलें।
इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित क
राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। प
भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता दे
आवश्यक है। इसे पूर्णतः गोपनीय रख
जायेगा।
मो. 8218049162
email: jannayaksamrataligarh@gmail.com

# सासनी पुलिस ने चार सटोरियों को किया गिरफ्तार, कब्जे से 1,350 रूपये नगद व पर्चा सट्टा, बरामद

हाथरस। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार जुआ, सट्टे की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना सासनी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए चार अभियुक्तों को हार जीत की बाजी लगाकर सट्टा खेलते समय गिरफ्तार किया गया है । जिनके नाम नरेन्द्र उर्फ बन्टी पुत्र मनोज कुमार निवासी नगला पतुआ थाना सासनी, राहुल कुमार पुत्र राजेन्द्र सिह निवासी नगला पतुआ थाना सासनी, नरेश पुत्र बलवीरसिह निवासी नगला पतुआ थाना सासनी, देवेन्द्र पुत्र सत्यपालसिह निवासी नगला पतुआ थाना सासनी जनपद हाथरस है।जिनके कब्जे से 1,350 रूपये नगद व पर्चा सट्टा बरामद हुए है। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सासनी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा



रही है । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम प्रभारी निरीक्षक नरेश सिंह थाना सासनी मय टीम जनपद हाथरस है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाथरस बलात्कार पीड़िता के परिवार के पुनर्वास पर निर्णय लेने के लिए यूपी सरकार को 6 सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाथरस सामूहिक बलात्कार और हत्या पीड़िता के परिवार के सदस्यों के स्थानांतरण और पुनर्वास (गाजियाबाद या गौतम बुद्ध नगर में) के संबंध में निर्णय लेने और अदालत को अवगत कराने के लिए राज्य सरकार को 6 सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया।ज.स्टिस राजन रॉय और जस्टिस जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने राज्य सरकार को और समय दिया क्योंकि पीठ को अवगत कराया गया कि पीड़ित परिवार ने 02 दिसंबर, 2024 को राज्य सरकार के समक्ष इस संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। नवंबर 2024 में राज्य सरकार को 8 जनवरी तक इस संबंध में निर्णय लेने का निर्देश दिया गया। हालांकि, 8 जनवरी को राज्य के वकील ने अदालत से और समय (2 महीने) मांगा, क्योंकि उन्होंने पीठ को अवगत कराया कि 31 दिसंबर, 2024 को एक बैठक बुलाई गई।खंडपीठ को यह भी बताया गया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) के स्थानांतरण और चल रहे कुंभ मेले ने ठोस निर्णय लेने में प्रशासनिक बाधाओं को बढ़ा दिया। दूसरी ओर, पीड़ित परिवार का प्रतिनिधित्व करने वाले एडवो.केट महमूद प्राचा ने इस अनुरोध पर आ.पत्ति जताई, क्योंकि उन्होंने अदालत से राज्य सरकार को गाजियाबाद या गौतम बुद्ध नगर में परिवार के लिए एक घर उपलब्ध कराने का निर्देश देने का आग्रह किया। अदालत ने राज्य सरकार को मामले पर निर्णय लेने के लिए छह अति.रिक्त सप्ताह देना उचित समझा।

## हाथरस के सिकंद्राराऊ में वकीलों ने बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना को लेकर एसडीम सिकंद्राराऊ को ज्ञापन सौंपा

हाथरस के सिकंद्राराऊ में वकीलों ने बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना को लेकर एसडीम सिकंद्राराऊ को ज्ञापन सौंपा है। सिकंद्राराऊ नगर कोतवाली के समीप स्थित चौराहे पर प्रतिमा स्थापित करने और इसे अंबेडकर चौराहा घोषित करने की मांग को लेकर वकीलों ने एसडीएम को जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा।उल्लेख किया गया कि यह चौराहा ऐतिहासिक महत्व रखता है, जहां पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में तत्कालीन उद्योग मंत्री वी.पी. मौर्या ने लोकार्पण किया था। तब से अंबेडकर अनुयायी इस स्थान पर बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित करने की मांग कर रहे हैं।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद इस अवसर पर प्रमुख अधिवक्ताओं में ओम प्रकाश गौतम, महेश चंद्र अंजाना, देव कान्त कौशिक, के. एम. कुलश्रेष्ठ, हुक्म सिंह बघेल, समाज प्रिय रत्न सहित कई गणमान्य वकील मौजूद थे। सभी ने एकजुट होकर इस ऐतिहा.सिक स्थल पर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को प्रशासन के समक्ष रखा। वकीलों का कहना है कि इस मांग की पूर्ति से न केवल बाबा साहेब को सम्मान मिलेगा बल्कि यह स्थान सामाजिक समरसता का प्रतीक भी बनेगा।

## सीने में उठा तेज दर्द, ईट पथाई करते समय हुई मजदूर की मौत

सिकंदराराऊ में एटा जीटी रोड स्थित गांव चादनपुरा के भट्ठे पर काम करने वाले एक श्रमिक की खेत में 12 जनवरी की रात को ईंटों की पथाई करते वक्त अचानक तबीयत खराब हो गई। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। महोबा हमीरपुर निवासी विक्की (20) पुत्र जगनमोहन चादनपुरा गांव के आरएस भट्ठे पर मजदूरी का काम करता था। 12 जनवरी की रात वह भट्ठे से कुछ दूर पिपलगवां गांव के खेतों में ईंटों की पथाई कर रहा था। रात आठ बजे उसकी तबीयत खराब हो गई। उसके सीने में अचानक तेज दर्द उठा। पास में काम कर रहे अन्य लोग उसे तत्काल निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे उसे मृत घोषित कर दिया। सीओ श्यामवीर सिंह का कहना है कि मौत के कारणों की जांच के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## हाथरस के स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला खेल कार्यालय द्वारा आयोजित जूनियर बालकों की कुश्ती चयन प्रतियोगिता

हाथरस के स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला खेल कार्यालय द्वारा आयोजित जूनियर बालकों की कुश्ती चयन प्रतियोगिता में कुल 10 प्रतिभाशाली पहलवानों का चयन किया गया। उप क्रीड़ा अधिकारी काशी नरेश यादव की देखरेख में संपन्न हुई इस चयन प्रक्रिया में फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन दोनों श्रेणियों के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया।फ्री स्टाइल वर्ग में 57 किलोग्राम भार श्रेणी में समीर, 61 किलोग्राम में प्रशांत, 65 किलोग्राम में समर, 70 किलोग्राम में हेमराज, 79 किलोग्राम में जतिन और 86 किलोग्राम भार वर्ग में गेरेंद्र का चयन किया गया। वहीं ग्रीको रोमन श्रेणी में 55 किलोग्राम में मोनू पुंडीर, 60 किलोग्राम में सोवी, 63 किलोग्राम में जुबैर खान और 97 किलोग्राम भार वर्ग में तरुण प्रताप को चुना गया।मंडल स्तर पर दिखाएंगे प्रतिभा चयनित सभी खिलाड़ी अब 16 जनवरी को अलीगढ़ के अहिल्या बाई होलकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में होने वाली मंडलीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना कौशल दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

## उत्तर प्रदेश के सादाबाद क्षेत्र के विकास को नए साल में मिली बड़ी सौगात

उत्तर प्रदेश के सादाबाद क्षेत्र के विकास को नए साल में बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्रीय विधायक प्रदीप कुमार सिंह (गुड्डू चौधरी) ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर दो बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दिलवाई है।14.5 करोड़ रुपए की स्वीकृतिविधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़कों के कायाकल्प के लिए 14.5 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई कार्य योजना के अनुसार, क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों की सैकड़ों टूटी–फूटी सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की समस्या का समाधान होगा।25 करोड़ रुपए की लागत की योजनाइसके अलावा, शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में ग्राम पंचायत वर्द्धवारी में 25 करोड़ रुपए की लागत से एक मॉडर्न स्कूल की स्थापना की मंजूरी भी मिली है। इन विकास परियोजनाओं की स्वीकृति से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। यह परियोजनाएं नए वर्ष 2025 के लिए सरकार की ओर से क्षेत्र को दिया गया विशेष तोहफा माना जा रहा है।

## चमत्कारी बाबा के चक्कर में आकर गंवाए 14 लाख रूपए




हाथरस चमत्कारी बाबा के चक्कर में आकर महो निवासी व्यक्ति ने 14 लाख रुपए गवां दिए हैं। यूट्यूब पर सभी बीमारियों का इलाज करने का दावा करने वाले चमत्कारी बाबा की वीडियो देख ठगी का शिकार हुआ व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर एसपी के पास पहुंचा। जांच के बाद एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर साइबर थाना पुलिस मामले की छानबबीन में जुटी है। कोतवाली हाथरस जंक्शन के गांव महो निवासी प्रेमपाल सिंह पुत्र ददराम ने यूट्यूब के माध्यम से एक चमत्कारी बाबा का विडियो देखा, जिसमें वह घर बैठे ही अपने चमत्कार झाड–फूंक आदि से मोबाइल के माध्यम से हर बीमारी का इलाज करने एवं ठीक करने का दावा कर रहा था। यूट्यूब पर वीडियो में दिये मोबाइल नंबर पर प्रेमपाल सिंह ने सम्पर्क किया तो उधर से बात करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम संतोष चमत्कारी बाबा बताया। जिस पर प्रेमपाल ने उस व्यक्ति से अपनी बीमारी के बारे में बताया तो उसने ठीक करने का दावा किया और उससे पूजा एवं तन्त्र मन्त्र आदि के नाम पर कुछ रुपयों की मांग की। शातिर द्वारा बताए गए मोबाइल पर 4,150 रुपये पहली बार फोन पे के माध्यम से ट्रान्सफर कर दिये। फिर उसके बाद फोन पर उसने कई बार बातें की और प्रेमपाल को अपनी बातों में इस तरह उलझा लिया कि उसने उससे कई बार में करीब 14 लाख रुपये ठग लिये। जिसमें 11,24,370 रुपए के ट्रांजक्शन की रसीद मौजूद है। आरोप है कि अब फिर से वहीं बाबा 72,000 रुपए और ट्रांसफर कराने का दबाब बना रहा है, अन्यथा की स्थित में धमकी दे रहा है कि रुपये ट्रांसफर करना बन्द कर कर दिया तो तन्त्र विद्या के माध्यम से तुम्हारी यहीं से बैठे बैठे मृत्यु कर दूंगा। इस मामले को लेकर पीड़ित एसपी के पास पहुंचा। एसपी ने पूरे मामले की जांच कराई और एसपी के आदेश पर साइबर थाना पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन 15 जनवरी को क्वार्सी फार्म में



अलीगढ़ जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में क्वार्सी फार्म स्थित बहुउद्देशीय किसान कल्याण केंद्र में 15 जनवरी को अपरान्ह 12:30 बजे किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा।उप कृषि निदेशक यशराज सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि किसान दिवस में तकनीकी सत्र के साथ–साथ कृषि एवं कृषकों से संबंधित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा।

## जिलाधिकारी 16 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा करेंगे निर्धारित

अलीगढ़ जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में 16 जनवरी को सांय 04:30 बजे गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित करने के लिए बैठक आहुत की जाएगी।अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट ने उक्त जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अद्यतन सूचनाओं सहित बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।




आवश्यकता है

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला ब्यूरो चीफमंडल ब्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -

अमित कुमार वर्मा -संम्पादक

मौ:-8218049162,8273402499

जननायक सम्राट

हिंदी साप्ताहिक

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक–अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा